भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1911
सोमवार, 13 मार्च, 2023/22 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति

†1911. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः
श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कोविड-19 के प्रभावों के स्थितिजन्य विश्लेषण के पश्चात् और 'भारत@100' दृष्टिकोण अभियान से पर्यटन क्षेत्र के लिए भविष्य के अनुमानों को ध्यान में रखते हुए, नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति को कार्यान्वित किया है और 'भारतयात्रा वर्ष 2023' (विजिट इंडिया ईयर-2023) का भी प्रस्ताव रखा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय ने इंडिया@100 हेतु विजन के साथ पर्यटन क्षेत्र के लिए भविष्य के अनुमानों को ध्यान में रखते हुए और कोविड-19 के प्रभावों सहित स्थितिजन्य विश्लेषण के पश्चात एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति तैयार की है। मसौदा नीति के प्रमुख कार्यनीतिक लक्ष्य इस प्रकार हैं:-

(i) यात्रा, ठहरने और व्यय में वृद्धि करके और भारत को पूरे वर्ष यात्रा करने के अनुकूल पर्यटन गंतव्य बनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को बढ़ाना।

(ii) पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों और उद्यम सम्बन्धी सम्भावनाओं का सृजन करना एवं कुशल कार्यबल की आपूर्ति सुनिश्चित करना।

(iii) पर्यटन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करना और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करना।

(iv) देश के सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और उनकी वृद्धि करना।

(v) देश में पर्यटन का स्थायी, जिम्मेदार और समावेशी विकास सुनिश्चित करना। राष्ट्रीय पर्यटन नीति का मसौदा अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित किया गया था। विचार विमर्श और संबंधित हितधारकों से प्राप्त फीडबैक/टिप्पणियों को शामिल करने के पश्चात मसौदा राष्ट्रीय पर्यटन नीति पर अभी परामर्श चल रहा है।

विजिट इंडिया ईयर 2023 सोशल मीडिया अभियान जनवरी, 2023 में शुरू किया गया था। पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से विभिन्न भारतीय गंतव्यों पर रचनात्मक सामग्री और भारतीय पर्यटन अनुभव को प्रचारित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेलों में मंत्रालय के संपूर्ण अभियान गतिविधियों में विजिट इंडिया ईयर 2023 की ब्रांडिंग की जा रही है।

*****